संक्षिप्त समाचार

जंगल में रहने वालों को बंदूक की क्या जरूरत

जगदलपुर। माओवादियों से सरकार ने पुनर्वास नीति को लेकर सुझाव मांगा है. यह पहली बार है जब किसी सरकार ने नक्सलियों को मुख्य धारा से जोड़ने उनसे ही सुझाव मांगा हो. इसके लिए डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने आज जगदलपुर में बस्तर संभाग के पत्रकारों से चर्चा की और नक्सलियों तक अपना सुझाव पहुंचाने का आग्रह किया. इस दौरान उन्होंने मेल आईडी, गूगल फॉर्म भी जारी किया है. जिसमें नक्सली पुनर्वास नीति को लेकर अपना सुझाव सरकार को दे सकते हैं. इस दौरान उन्होंने कहा कि जंगल में रहने वालो को बंदूक की क्या जरुरत है. मुख्यधारा से जुड़े और लोकतंत्र को अपनाएं. डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि जब पुनर्वास नीति के तहत नक्सलियों को समर्पण करना है तो क्यों न उनसे ही पूछ लिया जाए की वो क्या चाहते है. उन्होंने कहा कि इसके लिए हमने ये कोशिश की है कि जो पत्रकार नक्सल प्रभावित इलाकों में जाकर रिपोर्टिंग करते है, आगे जब उनका माओवादियों से संपर्क हो तो हमारा ये संदेश उनतक पहुंचाएं.

दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़त में एक युवक की हुई मौत

जगदलपुर। जिले के ग्राम गोरला और भट्टीगुडा के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़त में मोटरसाइकिल सवार एक युवक नरेंद्र कुमार उम्र 36 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए भोपालपट्टनम के अस्पताल में भर्ती कराया गया, इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार भोपालपट्टनम निवासी नरेंद्र कुमार आज गुरुवार शाम को अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर उड़ूर जा रहा था, इसी दौरान गोरला और भट्टीगुडा के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से उसकी टक्कर हो गई। दोनों मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए, जिन्हें 108 की मदद से भोपालपट्टनम के अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल नरेंद्र को बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेकॉज के लिए रिफर किया गया। जहां आज गुरुवार को इलाज के दौरान नरेंद्र कुमार की मौत हो गई बता दें कि बस्तर संभाग के पत्रकारों के साथ डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने जगदलपुर के निजी होटल में आज एक गोपनीय बैठक की, जिसमें नक्सलियों के पुनर्वास से संबंधित सुझाव मांगा गया. इस विशेष बैठक में विकास तिवारी, अविनाश प्रसाद, मनीष गुप्ता, अशोक नायडू सहित बस्तर संभाग के कई पत्रकार शामिल हुए.

झीरम घाटी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करेगी सरकार : विजय शर्मा

जगदलपुर। झीरम नक्सल कांड की बरसी से दो दिन पहले उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को पत्रकारों से चर्चा में कहा कि प्रदेश सरकार झीरम कांड की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करेगी। शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश पर भी इस मामले को लेकर तंज कसते हुए कहा कि सबूत उनकी जेब में हैं, लकिन वे निकाल नहीं रहे हैं, उसे निकलवाना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलवाद सहित विभिन्न विषयों पर खुलकर सरकार का पक्ष रखते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के बाद जब से भाजपा सत्ता में आई है। नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी सरकार वार्ता के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिलहाल राजशाही जैसी स्थिति नहीं है, इसलिए बातचीत के जरिए दशकों पुरानी इस समस्या का समाधान तलाशने के प्रयास किया जा रहे हैं। पुनर्वास नीति को और भी अच्छा बनाया जाएगा।

विजय शर्मा ने कहा कि सरकार ने प्रदेश को नक्सलवाद की काली छाया से मुक्त करवाने का निर्णय लिया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए बेहतर जीवन की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। हमारा प्रयास है कि अब कोई नया नक्सली न बने। उप मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों हुई पीड़िया मुठभेड़ को लेकर भी बेबाकी से बात रखी। उन्होंने साफ किया कि मुठभेड़ में कोई संदेह जैसी स्थिति है ही नहीं। बहुत सारी सूचनाएं एकत्रित करने के बाद इस तरह के आपरेशन किए जाते हैं। जो लोग भी इसे फर्जी ठहरा रहे हैं वे गलत कह रहे हैं। पीड़िया में मारे गए नक्सलियों के पुलिस रिकार्ड हैं। इसके बाद भी कांग्रेस इस मामले को लेकर राजनीति करने का प्रयास कर रही है झीरम नक्सल कांड 11 साल पहले 25 मई 2013 को हुआ था। सुकमा से केशलूर लौट रही कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर जगदलपुर से 42 किलोमीटर पहले दरभा के झीरम घाटी में नक्सलियों ने हमला कर 33 लोगों की मौत के घाट उतार दिया था।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया मतगणना संबंधी जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा

अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

लोकमाया न्यूज ।

कांकेर। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आज ग्राम नाथियानवागांव के पालिटेक्निक स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण कर प्रत्येक व्यवस्था की सूक्ष्मता से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा क्षेत्रवार मतगणना कक्ष, प्रवेश एवं निर्गम द्वार और पृथक पार्टीशन व बेरिकेडिंग आदि से अवगत हुए।आज शाम 04 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ग्राम नाथिया नवागांव के पॉलिटेक्निक कॉलेज में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग कक्ष में बैठक व्यवस्था, पर्याप्त लाइट, पंखे आदि का समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत करते हुए पर्याप्त मात्रा में कूलर और ठंडे पेयजल की व्यवस्था करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार भवन के प्रथम तल में स्थापित किए गए

मतगणना कक्षों में एआरओ, काउंटिंग करने वाले कर्मचारियों एवं अभ्यर्थी व अभिकर्ताओं का पृथक प्रवेश द्वार, पार्टीशन आदि की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने स्ट्रंग रूम से मतगणना कक्ष तक ईवीएम को लाने, ले जाने के रूट का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही ईटीपीबीएस, स्केनिंग हॉल, डाक मतपत्र की गणना से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं से कलेक्टर रू ब रू हुए। उन्होंने सभी कक्षों में कूलर की व्यवस्था के साथ ड्यूटी में तैनात निर्वाचन कर्मियों एवं सुरक्षाकर्मियों के लिए पेयजल, छाया एवं शौचालय की व्यवस्था के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल ने मतगणना में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों के प्रवेश एवं रूट प्लान के बारे में विधानसभावार जानकारी दी।

मतगणना के प्रत्येक पहलू पर रहेगी आयोग की नजर

तदुपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेक्षक कक्ष में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग की बारीकियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतगणना कक्ष और वहां तक जाने वाले सम्पूर्ण मार्ग का सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से परीक्षण किया और निर्देशित किया कि मतगणना स्थल में आने जाने वाले सभी कर्मचारियों और अधिकृत व्यक्तियों की गतिविधियों की निगरानी की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए। इसके अलावा कलेक्टर ने मीडिया सेंटर, मंच और सुरक्षा कर्मियों के विश्राम कक्ष सहित पार्किंग स्थल का सघन निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुठभेड़ में आठ नक्सली ढेर अत्याधुनिक हथियार बरामद

लोकमाया न्यूज ।

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके के रेकावाया के जंगल में गुरुवार को पहली बार जवान नक्सल विरोधी अभियान पर यहां तक पंहुचे। यहां नक्सलियों के लड़ाकू बटालियन प्लाटून नंबर 16 के कमांडर मल्लेश और इंद्रावती एरिया कमिटी के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अब तक 08 नक्सलियों को ढेर कर दिया है।

रेकावाया के जंगल में हुई मुठभेड़ में 07 नक्सलियों को ढेर करने के बाद जवान पूरी रात जंगल में ही रहे। सुबह फाईनल सर्चिंग के बाद आज शुक्रवार को जब जवानो की टीम वापस मुख्यालय लौट रही थे इसी दौरान रास्ते में एक बार फिर से नक्सलियों ने जवानों को घेरने का प्रयास किया और उन पर फायरिंग खोल दिया। आज शुक्रवार सुबह हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक और नक्सली को ढेर कर दिया है। इस तरह मारे गये सभी 08 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं। मुठभेड़ में शामिल जवानों का दावा है कि कई नक्सलियो को गोली लगने से घायल भी हुए हैं। मौके से आंटोमेटिक हथियार, विस्फोटक व नक्सल सामग्री भी बरामद किए गए हैं।

नारायणपुर के एसपी प्रभात कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नारायणपुर व बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों की लड़ाकू बटालियन प्लाटून नंबर 16 के कमांडर मल्लेश और इंद्रावती एरिया कमेटी के कई नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स व एसटीएफ की टीमें संयुक्त अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान गुरूवार घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया, जिसमें 08 नक्सली मारे गये हैं। मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं।

हम बातचीत के लिए तैयार, शस्त्र छोड़कर आत्मसमर्पण करें : उपमुख्यमंत्री

बीजापुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ के दौरान सात नक्सली मारे गए और उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जवानों के भुजाओं के ताकत के कारण यह सम्भव हो पाया है। बीजापुर और दंतेवाड़ा के सीमा क्षेत्रों में आज सुबह 11 बजे से ही बस्तर फाइटर, एस.टी.एफ और डीआरजी के जवानों की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन सर्चिंग शुरू की थी और उसके अंतर्गत मुठभेड़ हुई। जिसमें वर्दी धारी सात नक्सली मारे गए हैं। उन सभी के पास से हथियार भी बरामद हुए हैं और ये सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता है। पुनः क्षेत्र में सुरक्षा बलों की भुजाओं की ताकत पर ये संभव हो सका है। मैं माओवादियों से फिर भी अपील करता हूं कि आप समर्पण करें। मुख्य धारा में वापस आए। पुनर्वास करे और आपकी पुनर्वास के लिए जो आवश्यकता है, वो आप बताए सरकार उसे पूरा करेगी। सरकार वार्ता करने के लिए हर समय तैयार है। गौरतलब है कि सुरक्षाबलों की एक टुकड़ी नक्सल सर्च अभियान पर निकली थी। आज सुबह 11 बजे नारायणपुर-बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में जवानों ने मुस्तैदी से मोर्चा संभाला। जिसमें सात नक्सलियों के मारे जाने की खबर है और कई नक्सलियों के घायल होने की प्रबल संभावना है। घटनास्थल पर भारी मात्रा में हथियार और नक्सल साहित्य बरामद होने की भी सूचना है।

ओडिसा में विकास से कोसों दूर गरीबी का दंश झेल रहा आदिवासी समुदाय : उसेंडी

लोकमाया न्यूज ।

जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी के ओडिसा राज्य की सह प्रभारी लता उसेंडी ने ओडिसा सरकार पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ओडिसा की एक आदिवासी महिला को देश के सबसे बड़े संवैधानिक पद पर बैठाकर, देश के पूरे आदिवासी समाज को गौरवान्वित किया। वहीं दूसरी तरफ ओडिसा के मुख्यमंत्री ने आदिवासी समुदाय को गरीबी का दंश झेलने के लिए छोड़ दिया है। ओडिसा का आदिवासी समुदाय आज भी विकास से कोसो दूर है। इस कृत्य के लिए ओडिसा की जनता मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को कभी माफ नहीं करेगी। जनता इस बार विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जिताने का मन बना चुकी है।

पड़ोसी राज्य ओडिसा से लता उसेंडी के द्वारा गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि ओडिसा सरकार अपने राज्य की गरीब जनता के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार कर रही है, लंबे समय से बीजेडी कि सरकार ओडिसा की सत्त में आसीन हैं जो ओडिसा की जनता के भरोसे के साथ धोखा किया है। क्योंकि कई महीनों से ओडिशा की सरकार डिजिटल हस्ताक्षर से चल रहा हैं। उन्होंने कहा कि उनके निज सचिव पांडियन की नजर ओडिशा के खजाने पर हैं। यही मुख्यमंत्री के निष्क्रियता का सबसे बड़ा उदाहरण हैं। उन्होंने कहा ओडिशा में एक ओडिशा का व्यक्ति और ओड़िया बोलने वाला ओड़िया समझने वाला मुखिया चाहिए जो भाजपा ही दे सकती हैं, इसलिए इस बार भाजपा कि सरकार बनना तय हैं।

मतगणना दिवस पर सुकमा जिले के सभी मंदिरा दुकानें रहेंगी बंद

सुकमा। कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी हरिस एस. के द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतगणना तिथि 04 जून को नगरपालिका सुकमा क्षेत्र से लगे हुये मदिरा दुकान देशी/विदेशी मदिरा दुकान सुकमा एवम् एफ.एल.-07, 02 शबरीनगर, 226 गीदमनाला जिला-सुकमा को बंद रखे जाने के लिए एक अवधि शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त अवधि में जिला सुकमा की देशी/विदेशी मदिरा दुकान सुकमा एवम् एफ.एल. -07 कैंटीन, 02 शबरीनगर सुकमा, 226 गीदमनाला जिला-सुकमा में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

मौसम ने बदली करवट, आंधी तूफान के साथ हुई बारिश

बीजापुर। मौसम ने करवट बदलकर भीषण गर्मी से जहां लोगों को राहत पहुंचाई है। वहीं आंधी तूफान के साथ हुई बारिश से कई घरों के छप्पर उड़ गए मुसलाधार बारिश में कई मकानों के छप्पर उड़ा दिए। बीजापुर तहसील के अंतर्गत आने वाले रेड्डी गांव में बारिश और आंधी तूफान के चलते कई पेड़ धराशाई हो गए। आधा दर्जन से ज्यादा मकान ढह गए। कई मकानों पर पेड़ गिरने से मकानों को नुकसान पहुंचा है। घरों के अंदर तक पानी घुस गया। घर गिरने के डर से कई लोग मकान छोड़कर भग गए।

असर हुआ। बीजापुर के कई इलाके में भी मुसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। खबर के मुताबिक, गुरुवार को गर्मी और उमस के बीच दोपहर के बाद अचानक मौसम ने करवट बदली और झमाझम बारिश शुरू हो गई।

बारिश के कारण कई घरों में भी पानी घुस गया। बताया जा रहा है कि शाम को शुरू हुई

एसडीएम ने कटेकल्याण ग्राम पंचायत के भुसारास एड़पाल, बड़े बेड़मा व कोरीरास का किया निरीक्षण

लोकमाया न्यूज ।

दंतेवाड़ा। जिले के कटेकल्याण विकासखण्ड में एसडीएम जयंत नाहटा द्वारा ग्राम पंचायत भुसारास, एड़पाल, बड़ेबेड़मा एवं कोरीरास का आज गुरुवार को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भुसारास के एफआरए क्लस्टर का निरीक्षण कर एफआरए हितग्राहियों से चर्चा की गई एवं एफआरए क्लस्टर का डीपीआर तैयार कर कार्य प्रारंभ किये जाने हेतु निर्देश दिये।

ग्राम पंचायत भवन में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से बैठक कर ग्राम की समस्याओं के संबंधों में चर्चा की गई। ग्रामीणों द्वारा बंदोबस्त त्रुटि, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं डेम से सिंचाई हेतु सोलर पैनल

काम नहीं करने की समस्या बताई गई। संबंधित विभागों को एसडीएम सर द्वारा निराकरण हेतु निर्देश दिए गये। भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र कलारपारा का निरीक्षण किया गया, जहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाई गई एवं सुपरवाइजर भी फील्ड में नहीं पाई गई, इन पर विभाग द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई किये जाने हेतु निर्देश दिए गये। ग्राम पंचायत भुसारास के पीएचसी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया जहां सोलर पैनल के खराब होने को ठीक करने संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया।

ग्राम पंचायत एड़पाल के ग्राम दुधीरास में मॉडल आंगनबाड़ी भवन, पीडीएस भवन, सेप्टीगेज शेड, का निरीक्षण कर एक माह में पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये, इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत कोरीरास में मॉडल सब हेल्थ सेंटर का गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य को तत्काल ठीक करने एवं कार्य एजेंसी को एससीएन जारी करने के निर्देश दिये गये।

नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर 25 से

दंतेवाड़ा। जिले के गीदम में ओसवाल जैन संघ, जेएम चेरिटेबल ट्रस्ट व एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए गीदम के वरिष्ठ नागरिक विमल सुराना ने बताया कि हृदय रोग, कैंसर और हड्डी रोग को लेकर मरीजों व आम नागरिकों को बेहतर उपचार के लिए परामर्श दिया जाएगा। वहीं बीपी, शुगर व ईसीजी के माध्यम से निःशुल्क जांच करवाया जाएगा। सुराना ने बताया कि 25 मई को सुबह 09 बजे से दोपहर 01 बजे तक शिविर का आयोजन ओसवाल भवन महावीर नगर वार्ड 04 में होगा। शिविर में डॉ. खेहिल गोस्वामी, डॉ. यशवंत कश्यप, डॉ पंकज पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

धुआं से बौखलाई मधुमक्खियां ने भीड़ पर किया हमला, 26 घायल

लोकमाया न्यूज ।

जगदलपुर। परपा थाना क्षेत्र के ग्राम बिलोरी में चल रहे मेले के दौरान ग्रामीण पेड़ के नीचे पूजा कर रहे थे, तभी धुआं मधुमक्खियों के छत्ते में जा पहुंचा। जिसके चलते मधुमक्खियों के झुंड ने पूजा कर रहे ग्रामीणों के ऊपर हमला कर दिया। इस हमले में 26 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम बिलोरी में बुधवार को मेले के दौरान पेड़ के नीचे पूजन चल रहा था। इस दौरान धुंआ तेजी से मधुमक्खियों के छत्ते में जा पहुंचा। धुएं की वजह से भड़की मधुमक्खियों ने ग्रामीणों के ऊपर अचानक से हमला कर दिया। इसके बाद भीड़ इधर-उधर भागने लगी, बूढ़े, जवान, बच्चे, महिलाएं आदि इनकी चपेट में आ गए। इस घटना में 26 से अधिक ग्रामीण मधुमक्खियों के डंक से घायल हो गए। जबकि इनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।

NEW ERA ALKALOIDS AND EXPORTS LTD
Regd. Off. :- 408, Wallfort Ozone, Fafadih Chowk, Raipur-492001, CIN NO: L24100CT1994PLC008842
Extract of Statement of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31.03.2024
(Rs in Lakhs)

S. No.	Particulars	Quarter Ended 31-Mar-24 (Audited)	Quarter Ended 31-Dec-23 (Un Audited)	Quarter Ended 31-Mar-23 (Audited)	Year Ended 31-Mar-24 (Audited)	Year Ended 31-Mar-23 (Audited)
1	Total Income	6.78	16.23	6.12	39.38	8.12
2	Profit / Loss before exceptional items and tax	5.22	14.61	4.51	33.17	-109.11
3	Profit / Loss before tax	5.22	14.61	4.51	33.17	-109.11
4	Profit / (loss) for the period	5.22	14.61	4.51	33.15	-109.12
5	Total Comprehensive Income for the period	141.24	-99.24	204.28	55.33	90.65
6	Paid-up Share Capital (par value Rs. 10/- each fully paid up)	328.44	328.44	328.44	328.44	328.44
7	Reserve excluding Revaluation reserves as per balance sheet of previous accounting year	-	-	-	-	-
8	Earnings per equity share (Par value Rs. 10 each)					
	i) Basic	4.30	0.44	6.22	1.01	2.76
	ii) Diluted	4.30	0.44	6.22	1.01	2.76

"NOTES The above is an extract of the detailed format of Annual Financial results filed with the stock exchange under Regulation -33 of the SEBI (LODR), 2015. The full formats of results are available on Company's website http://neweraltd.com/"
Place: Raipur
Date: 23.05.2024
ON BEHALF OF BOARD OF DIRECTORS
Sd/- Ravindra Pokharna, Managing Director

NATURA HUE-CHEM LIMITED
Regd. Off. :- 408, Wallfort Ozone, Fafadih Chowk, Raipur-492001 , CIN NO: L24117CT1995PLC009845
Extract of Statement of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31.03.2024
(Rs in Lakhs)

S. No.	Particulars	Quarter Ended 31-Mar-24 (Audited)	Quarter Ended 31-Dec-23 (Un Audited)	Quarter Ended 31-Mar-23 (Audited)	Year Ended 31-Mar-24 (Audited)	Year Ended 31-Mar-23 (Audited)
1	Total Income	7.76	1.90	-	21.90	4.75
2	Profit / Loss before exceptional items and tax	5.79	-0.82	-2.23	12.34	-16.42
3	Profit / (Loss) before tax (after extra-ordinary items)	5.79	-0.82	-2.23	12.34	-16.42
4	Profit / (loss) for the period	5.79	-0.82	-2.23	12.34	-16.42
5	Total Comprehensive Income for the period	10.29	-0.82	87.81	16.84	73.54
6	Paid-up Share Capital (par value Rs. 10/- each fully paid up)	414.53	414.53	414.53	414.53	414.53
7	Reserve excluding Revaluation reserves as per balance sheet of previous accounting year	-	-	-	-	-
8	Earnings per equity share (Par value Rs. 10 each)					
	i) Basic	0.25	-0.02	2.12	0.41	1.77
	ii) Diluted	0.25	-0.02	2.12	0.41	1.77

The above is an extract of the detailed format of Annual Financial results filed with the stock exchange under Regulation -33 of the SEBI (LODR), 2015. The full format of results are available on Company's website http://naturahuechem.com/as well as on the webiste of BSE Limited.
Place: Raipur
Date: 23.05.2024
ON BEHALF OF BOARD OF DIRECTORS
Sd/- MANSOOR AHMED, MANAGING DIRECTOR